प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान

राजकीय महाविद्‌यालय पाटी,चम्पावत

(2023 – 2024)



प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान– कार्यालय मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड के द्वारा प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश से क्षय रोग उन्मूलन हेतु वर्ष 2024 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत स्वयं एवं महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को एक टीवी रोगी को एक वर्ष के लिए गोद लेना अथवा सहायता प्रदान करने के लिए चयनित करने हेतु निर्देषित किया गया। इसके लिए कम्युनिटी सपोर्ट टू टी0बी0 पेशेंट कार्यक्रम शुरू किया गया है इसके अंतर्गत निःक्षय मित्र द्वारा टी0बी0 रोगियों को उपचार अवधि में अतिरिक्त पोषण एवं उपचार आदि में सहयोग किया जाएगा।

इसका कार्यकम के मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार है

- टीवी रोगियों के उपचार परिणाम में सुधार के लिए अतिरिक्त पोषण जॉच एवं उपचार में सहायता प्रदान करना
- वर्ष 2025 तक टीवी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना।
- टीवी उन्मूलन हेतु कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) गतिविधियो का लाभ उठाना

उपरोक्त कार्यकम के संचालन हेतु राजकीय महाविद्यालय पाटी चम्पावत में एक समिति का गठन दिनांक 26 मई 2023 को किया गया।

कार्यालय मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड के द्वारा प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत योजना के अंतर्गत निःक्षय मित्र बनाए जाने हेतु क्षय रोगी का चयन कर उपचार अवधि में पोषण साम्रगी प्रदान की जानी सुनिश्चित की गई। तथा संबधित सूचना प्रेषित की गई ।

इसके अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंपावत को 24 फरवरी 2023 को टी0बी0 रोगियों को चिन्हित करते हुए महाविद्यालय को गोद लेने हेतु नाम सहित समस्त आवश्यक जानकारी प्रेषित करवाने के

लिए पत्राचार किया गया । दिनांक 11 मई 2023 को पुनः पत्र प्रेषित किया गया। निःक्षय मित्र की सूचना प्राप्त होने के पश्चात 6 जुलाई 2023 को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त नियमित प्राध्यापकों को संयुक्त रूप से निःक्षय मित्र घोषित किया गया तथा निःक्षय मित्र द्वारा टी0बी0 रोगी को गोद लिया गया। गोद लिए रोगी हेतु माह जून 2023 से प्रतिमाह रुपए 1000 मात्र निःक्षय द्वारा व्यय किया जाना सुनिश्चित किया गया।

माह जून 2023 से 1 वर्ष के लिए पोषण सामग्री टी0बी0 रोगी को प्रदान किया जाना सुनिष्चित किया गया।

अतः प्रत्येक महाविद्यालय के निःक्षय मित्र द्वारा पोषण साम्रगी भारत सरकार द्वारा सुझावित फूड बास्केट के अनुसार प्रदान की जा रही है।